केन्द्रीय आयुर्वेद एवं सिद्ध अनुसंधान परिषद्

CENTRAL COUNCIL FOR RESEARCH IN AYURVEDA AND SIDDHA

32

वार्षिक प्रतिवेदन
वर्ष 2005-06

ANNUAL REPORT FOR THE YEAR 2005-06



आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, युनानी, सिद्ध,
और होम्योपैथी (आयुष) विभाग
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
(भारत सरकार) नई दिल्ली

Department of AYUSH
Ministry of Health and Family Welfare
(Govt. of India) New Delhi

केंद्रीय आयुर्वेद एवं सिद्ध अनुसंधान परिषद

वार्षिक प्रतिवेदन

2005-2006

आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) विभाग
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
(भारत सरकार)
नई दिल्ली

विषय सूची

क्र.सं.	विषय	पृष्ठ सं.
I.	प्रस्तावना	1
II.	प्रशासनिक प्रतिवेदन	5
III.	तकनीकी प्रतिवेदन	20
अ.	**आयुर्वेद**	
1.	संस्थान/केन्द्र/एकक के लिए प्रयुक्त संकेताक्षर	20
2.	निदान चिकित्सात्मक अनुसंधान कार्यक्रम	22
	अ) निदान चिकित्सात्मक परीक्षण	22
	ब) रोग समूह,अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या और 2005-06 के दौरान परियोजनाओं की सहभागिता	42
	स) 2005-06 के दौरान बहिरंग रोगी विभाग और अंतरंग रोगी विभाग में प्रविष्ट/निर्मुक्त रोगियों की संख्या	44
	द) स्वास्थ्य रक्षा अनुसंधान कार्यक्रम	45
3.	चिकित्सा-प्रजाति-वानस्पतिक सर्वेक्षण कार्यक्रम	47
4.	औषध पादप कृषि कार्यक्रम	51
5.	कस्तूरी मृग प्रजनन कार्यक्रम	57
6.	भेषज अभिज्ञानीय अनुसंधान अध्ययन	58
7.	पादप ऊत्तक संजनन	60
8.	औषध मानकीकरण अनुसंधान कार्यक्रम	62
9.	भेषज गुण विज्ञानीय अनुसंधान कार्यक्रम	72
10.	वाङ्मय अनुसंधान कार्यक्रम	78
11.	परिवार कल्याण अनुसंधान कार्यक्रम	80
12.	सोवा-रिग्पा (आमची) अनुसंधान कार्यक्रम	85
13.	प्रकाशन एवं सहभागिता	87

क्र.सं.	विषय	पृष्ठ सं.
ब. सिद्ध		
1.	संस्थान/एककों के लिए प्रयुक्त संकेताक्षर	115
2.	निदान चिकित्सात्मक अनुसंधान कार्यक्रम	116
3.	चिकित्सा वानस्पतिक अनुसंधान कार्यक्रम	121
4.	भेषज अभिज्ञानीय अनुसंधान कार्यक्रम	124
5.	भेषजगुण विज्ञानीय अनुसंधान कार्यक्रम	127
6.	भेषज मानकीकरण अनुसंधान कार्यक्रम	129
7.	भेषज निर्माण	131
8.	वाङ्मय अनुसंधान कार्यक्रम	132
9.	प्रकाशन एवं सहभागिता	133
IV	**आभार**	137
V	**अंग्रेजी रुपान्तर**	139

I. प्रस्तावना

केंद्रीय आयुर्वेद एवं सिद्ध अनुसंधान परिषद, आयुष विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त निकाय है तथा भारत में आयुर्वेद एवं सिद्ध चिकित्सा पद्धति में वैज्ञानिक विधि से शोध कार्य-प्रतिपादित करने, उसमें समन्वय स्थापित करने, सहायता करने, सूत्र वृद्ध करने, उसका विकास करने एवं समुन्नत करने से संबंधित शीर्ष राष्ट्रीय संस्था है । यह परिषद देश के विभिन्न भागों में स्थित अपने परिधीय 38 आयुर्वेद एवं सिद्ध के संस्थानों/ केंद्रों/एककों, अस्पतालों, आधुनिक संस्थानों के माध्यम से अपने उद्देश्यों एवं कार्यो का संचालन एवं नियंत्रण करती है । परिषद की आयुर्वेद एवं सिद्ध के उपयुक्त अनुसंधान अध्ययन एवं संबंधित विज्ञान क्षेत्र को वित्तीय सहायता प्रदान करती है । क्रमबद्ध अनुसंधान के माध्यम से विभिन्न रोगों हेतु प्रभावी एवं अल्प लागत उपचार पर खोज करने के लिए जोर देना है । परिषद की अनुसंधान गतिविधियों में निदान चिकित्सात्मक एवं मौलिक अनुसंधान, औषधि अनुसंधान, साहित्य अनुसंधान तथा परिवार कल्याण अनुसंधान कार्यक्रम सम्मिलित है । वर्तमान में परिषद ने पोषक पदार्थ एवं सुन्दरता बढ़ाने वाले द्रव्यों के अनुसंधान के क्षेत्र में भी कदम रखा है ।

निदान चिकित्सात्मक अनुसंधान कार्यक्रम

आयुर्वेद में निदान चिकित्सात्मक कार्यक्रम के अंतर्गत 22 निदानचिकित्सात्मक स्थिति यथा आमवात, अपस्मार, अर्स भगन्दर, ग्रहणी, गृध्रसी, किटिभ, मधुमेह, मनोद्वेग, मूत्राष्मरी, मेदोरोग, परिणामशूल, पक्षाघात, पंगु, श्लीपद, तमकश्वास, तिमिर रोग, विषमज्वर, व्यानवबलबैषम्य, कामला, अतिसार, एवं प्रवाहिका का अध्ययन किया गया ।

सिद्ध चिकित्सा पद्धति के निदानचिकित्सात्मक कार्यक्रम के अंतर्गत 9 निदानचिकित्सात्मक स्थिति यथा कलंजगपादाई, वातसूलई, करप्पन, यनिक्कनोई संधिवातशूलाई, एनुम्बुमरिवुचिकिचाई, एरेप्पूनोई, वेनपादई एवं निरिझिवु रोगो का अध्ययन किया गया ।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत परिषद के विभिन्न संस्थानो /केंद्रों/एककों में 4,63,306 रोगियों की वहिरंग रोगी विभाग तथा 2459 रोगियों को अंतरंग रोगी विभाग में चिकित्सा प्रदान की गई । प्रतिवेदन अवधि में आयुर्वेद में 22 निदानचिकित्सात्मक स्थिति पर 2621 रोगियों का अध्ययन किया गया जबकि सिद्ध पद्धित में 586 रोगियों पर परिषद के विभिन्न संस्थानों/ केंद्रों/एककों में अध्ययन किया गया ।

स्वास्थ्य रक्षा अनुसंधान कार्यक्रम

स्वास्थ्य रक्षा अनुसंधान कार्यक्रम के अंतर्गत आदिवासी स्वास्थ्य रक्षा अनुसंधान को ग्रामोन्मुखी बनाया गया है ताकि अनुसंधान कार्यक्रमों का लाभ जनसामान्य को मिल सके । इस कार्यक्रम के अंतर्गत अनुसंधान कार्मिकों का दल अध्ययन के लिए चुने/अपनाए गए गांवो/आदिवासी पॉकेटों में घर-घर जाते हैं और क्षेत्र में व्याप्त रोगों की प्रकृति एवं प्रसार, विभिन्न ऋतुओं के आहार - विहार, सामाजिक, आर्थिक पहलुओं, प्राकृतिक संसाधनों, रहने के स्तर तथा ग्रामीण/आदिवासी क्षेत्रों में उपलब्ध चिकित्सा के प्रकार से संबंधित आंकड़े एकत्र करने के अतिरिक्त आकस्मिक चिकित्सा सहायता प्रदान करता है । प्रतिवेदन अवधि के दौरान इस कार्यक्रम के अंतर्गत 39 गांवों के 32,202 लोगों का अध्ययन किया गया तथा 18,162 रोगियों को आकस्मिक चिकित्सा सहायता प्रदान की गई ।

औषध अनुसंधान कार्यक्रम

औषध अनुसंधान कार्यक्रम के अंतर्गत औषध वानस्पतिक सर्वेक्षण, औषध पादप कृषि, कस्तूरी मृग प्रजनन पादप उत्तक सजनन भेषजअभिज्ञानीय, पादप उत्तक संजनन, भेषजगुणविज्ञानीय/विषाक्तता अध्ययन के अतिरिक्त औषध मानकीकरण अनुसंधान कार्यक्रम भी सम्मिलित है । औषध वानस्पतिक सर्वेक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 13 सर्वेक्षण दौरे (आयु.-7 सिद्ध - 6), 76 स्थानीय एवं 4 बाजार सर्वेक्षण किए गए जिनमें 1002 पादप किस्में 329 कच्ची औषधियों के अतिरिक्त 131 संग्रहालय नमूनों को एकत्र किया गया । सर्वेक्षण एककों द्वारा उदिभदालय एवं संग्रहालय के रख - रखाव का कार्य किया गया । लगभग 382 औषध पादप किस्मों के साथ 14081 गुग्गुलु के पादप वर्तमान में विभिन्न औषध पादप उद्यानो में उग रहे हैं । 1024.25 कि.ग्रा.(सूखी एवं ताजी) कच्ची औषधियों का विभिन्न पादप उद्यानों से अनुसंधान के उद्देश्य से संग्रह किया गया और अनुसंधान के उद्देश्य के लिए विभिन्न संस्थानों को मात्रानुसार आपूर्ति की गई । प्रतिवेदन अवधि के दौरान आयुर्वेद एव सिद्ध चिकित्सा में प्रयुक्त होने वाली औषधियों में से 47 औषधियों पर भेषजअभिज्ञानीय अध्ययन तथा 36 औषधियों पर भेषजगुण विज्ञानीय एवं विषाक्तता अध्ययन किए गए ।

औषध मानकीकरण अनुसंधान कार्यक्रम के अंतर्गत 82 (आयुर्वेद 75 एवं सिद्ध 7)एकल मूल पादप औषधियों, 2 खनिज औषधि, आयुर्वेद एवं सिद्ध में प्रयुक्त होने वाले 40 (आयुर्वेद -31 एवं सिद्ध - 09) औषध योगों 5 आसव/अरिष्ट, 270 अन्य योगों के विश्लेषित मानक तैयार किए गए। विश्वस्त योगों में भारी धातु एवं पेस्टनाशी अवशेषों की उपस्थिति टी.एल.सी./ एच.पी.टी.एल.सी.अध्ययन द्वारा साथ करना भी सम्मिलित हैं । विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्विवार्षिक कार्यक्रम के अंतर्गत पांच आयुर्वेदिक योग तैयार किए गए एवं उनके मानक प्रचालन प्रक्रिया तथा

मानकीकरण अध्ययन पूर्ण किए गए । भारतीय चिकित्सा पद्धति प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्तर तक शुरु करने की परियोजना के अंतर्गत संभाव्यता उत्पन्न करने के लिए अंतिमस्तर पर मानक प्रचालन प्रक्रिया एवं मानक के विकास हेतु 14 आयुर्वेदिक योग तैयार किए गए ।

परिषद द्वारा कुमाऊँ की पहाड़ियों में महरुरी में एक कस्तूरी मृग प्रजनन फार्म का रख रखाव किया जाता है तथा वहां पर प्रतिवेदन अवधि के अंत तक 18 मृग थे ।

वाङ्.मय अनुसंधान कार्यक्रम

वाङ्.मय अनसंधान कार्यक्रम के अंतर्गत आयुर्वेद एवं सिद्ध अनुसंधान परिषद के चिकित्सा इतिहास अध्ययन, शास्त्रीय ग्रंथों अप्रकाशित पांडुलिपियों, कोषविज्ञान, समसामयिक साहित्य, आयुर्वेद एवं सिद्ध तथा आधुनिक चिकित्सा के प्रकाशनों, औषध एवं रोगों से संबंधित संदर्भो के संकलन के कार्य को जारी रखा गया । परिषद द्वारा ' आयुर्वेद एवं सिद्ध अनुसंधान पत्रिका ', ' चिकित्सा प्रजाति - वानस्पतिक अनुसंधान पत्रिका ', ' भारतीय आयुर्विज्ञान इतिहास संस्थान पत्रिका ' के अतिरिक्त परिषद समाचार भी प्रकाशित किए जाते हैं । प्रतिवेदन अवधि के दौरान आयुर्वेद एवं सिद्ध अनुसंधान पत्रिका और चिकित्सा प्रजाति वानस्पतिक अनुसंधान पत्रिका के पिछले अंकों का भी प्रकाशन किया गया ।

परिषद मुख्यालय के प्रकाशन विभाग ने 'आयुर्वेद में प्रयुक्त औषधि पादपों पर आधारित आँकड़े ' के सप्तम अंक को प्रकाशित किया । 'आयुर्वेद एवं सिद्ध औषधि के गुणवत्ता निर्धारण हेतु मापदंड ' नामक दुसरी पुस्तक को भी प्रकाशित किया है । इसके 'अतिरिक्त आयुर्वेद में प्रयुक्त औषधि पादपों पर आधारित आँकड़े ' के द्वितीय एवं तृतीय अंको को पुनः मुद्रण किया गया और चार मोनोग्राफ/पुस्तकें यथा - कॉमन हीलिंग हर्बस, सामान्य रोग हर वनस्पति, आयुर्वेदीय घरेलू उपचार (हिंदी एवं अंग्रेजी) एवं सिद्ध वैद्य सरल उपचार प्रणाली का पुनर्मुद्रण किया गया । कुछ दुर्लभ ग्रंथों का अनुवाद एवं प्रकाशन किया गया जिनमे वैद्य मनोरमा, रस मंजूषा एवं वैद्यक संग्रह का भी समावेश है । परिषद मुख्यालय के प्रकाशन प्रकोष्ठ ने हिंदी एकक ही सहायता से दुर्लभ आयुर्वेद के प्राचीन पांडुलिपियों के अनुवाद कार्य की शुरुआत की है। इनमें अष्टांग संग्रह, अभिनय चिंतामणि भी है, इसके अतिरिक्त शल्य तंत्र की पाठ्य पुस्तकें जिसमें 30 योगदानक/लेखकों के 30 अध्याय समाविष्ट है, को प्रकाशनार्थ लिया है । और 16 योगदानक के 16 अध्याय के संपादन कार्य प्रक्रिया में है ।

परिवार कल्याण अनुसंधान कार्यक्रम

इस कार्यक्रम के अंतर्गत मुखीय गर्भनिरोधक औषधियों का निदान - चिकित्सात्मक तथा भेषजगुणविज्ञानीय अध्ययन किया जाता है । पिप्पल्यादि योग मुखीय और नीम तैल स्थानीय गर्भ निरोधक अभिकर्ताओं का निदान चिकित्सात्मक मूल्यांकन हेतु 143 नए रोगियों के अतिरिक्त 368 पुराने रोगियों पर अध्ययन किया गया । प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत बालकास, बालातिसार, बाल दौर्बस्थ तथा शिशु एवं बाल परिचर्या पर कार्य किया गया तथा कुल 160 रोगियों पर अध्ययन किया गया ।

संगोष्ठी, सम्मेलन और कार्यशाला

परिषद ने 25 -26 मई, 2005 को नई दिल्ली में एकीकृत औषधि (आयुर्वेद एवं सिद्ध) पर विश्व स्वास्थ्य संगठन के अंतर्गत सफलतापूर्वक दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया । परिषद द्वारा दिनांक 26 से 30 सितम्बर,2005 तक नई दिल्ली में निदान चिकित्सात्मक परीक्षण में सांख्यिकीय विधियाँ पर पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । परिषद द्वारा आयुष श्रोतागार नई दिल्ली में 23 से 24 दिसम्बर 2005 को (जैव - सांख्यिकी एवं अनसंधान कार्यप्रणाली पर) दो दिवसीय (विश्व स्वास्थ्य संगठन द्विवार्षिक 2004 -05) कार्यशाला का आयोजन किया गया । पुनः परिषद द्वारा चिकित्सा (वैज्ञानिक एवं तकनीकी) लेखन पर वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा 21 से 23 मार्च, 2006 को नई दिल्ली में प्रायोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। परिषद के अनुसंधान संस्थानों ने भी 20 अन्य संगोष्ठी/कार्यशाला/मेले आदि में सहभागिता/आयोजित की । परिषद के वैज्ञानिको ने राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी/सम्मेलन/कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहभागिता की ।

लव्हेकर जी.एस.

(डॉ. जी.एस.लव्हेकर)
निदेशक
एवं सदस्य - सचिव
शासी निकाय,
केंद्रीय आयुर्वेद एवं सिद्ध अनुसंधान परिषद

दिनांक 03.8.2006

II. प्रशासनिक प्रतिवेदन

केंद्रीय आयुर्वेद एवं सिद्व अनुसंधान परिषद सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1860 के नियम XXI के अंतर्गत 30 मार्च, 1978 को पंजीकृत एक संस्था है। 31मार्च, 2006 को समाप्त प्रतिवेदन अवधि में संस्था तथा शासी निकाय के सदस्य इस प्रकार हैं-

अध्यक्ष		**डा. अम्बुमणि राम दास** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री
उपाध्यक्ष		**डा. पी. एन. वी. कुरूप**
शासकीय सदस्य :		
1. सचिव (आयुष)		श्रीमती उमा पिल्लै (31 -1-2006 तक) श्री विजय सिंह (1-2-2006 से)
2. संयुक्त सचिव (आयुष)		श्री तारा दत (15.6.2005 तक) श्री शिव बसन्त (15 .6.2005 से)
3. संयुक्त सचिव (वित्त सलाहकार)		श्री अरूण शर्मा
अशासकीय सदस्य	1.	डॉ.(कु.) पी. वी. तिवारी
	2.	डॉ. पी. के. वारियार
	3.	वैद्य डी. के. त्रिगुणा
	4.	वैद्य बालेन्दु प्रकाश
	5.	डॉ. अनिल कपूर
	6.	डॉ.पी. सी. भट्टाचार्य
	7.	डॉ.जी. थिआगराजन
	8.	डॉ.आई. चेलादुराई
	9.	डॉ.एस. के.गुप्ता
	10.	डॉ.जी. टी. पानसे

11. डॉ.एम. संजप्पा
12. डॉ.डी.नागराजा

निदेशक, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर - डॉ.बी. एल. गौड़
निदेशक, राष्ट्रीय सिद्व संस्थान, चेन्नई - रिक्त
सदस्य-सचिव : निदेशक, के. आयु. सि. अनु.परि. - डॉ.जी एस.लव्हेकर

प्रतिवेदन अवधि में शासी निकाय की एक बैठक हुई ।

स्थायी वित्त समिति

स्थायी वित्त समिति निम्नप्रकार से गठित है -

1.	श्री तारा दत (15.6.2005 तक) संयुक्त सचिव (आयुष)	अध्यक्ष
	श्री शिव बसन्त (15 .6.2005 से) संयुक्त सचिव (आयुष)	अध्यक्ष
2.	श्री संजीव मिश्र, अतिरिक्त सचिव (वित्त सलाहकार)	सदस्य
3.	वैद्य डी. के. त्रिगुणा	सदस्य
4.	डा. जी. वेलुचामी	सदस्य
5.	परिषद निदेशक	सदस्य-सचिव

प्रतिवेदन अवधि के दौरान स्थायी वित्त समिति की दो बैठकें हुई तथा वित्तीय मामलों से संबंधित विषयों पर विचार किया गया और स्वीकृति दी गई ।

परिषद की सेवाओं में अनुसूचित जाति / अनु. जनजाति का प्रतिनिधित्व एवं अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के लिए कल्याणकारी उपाय

परिषद की सेवाओं में अनुसूचित जाति/ अनु. जनजाति के आरक्षण और प्रतिनिधित्व के संबंध में भारत सरकार द्वारा समय समय पर जारी किए गए आदेशों और दिशा-निर्देशों का पालन किया जा रहा है। भर्ती/ पदोन्नति रोस्टर के अनुसार की जा रही है । परिषद में विभिन्न समूहों में 1.1.2006 के अनुसार कर्मचारियों की कुल संख्या इस प्रकार है :

समूह	कर्मचारियों की संख्या	अनुसूचित जाति	कर्मचारियों का कुल प्रतिशत	अनुसूचित जन जाति	कुल की प्रतिशत
क	203	29	14.29	10	4.93
ख	59	10	16.95	1	1.69
ग	598	99	16.56	33	5.52
घ	568	212	37.32	60	10.56
योग	1428	350	24.51	104	7.28

परिषद के अंतर्गत आदिवासी स्वास्थ्य रक्षा कार्यक्रम परियोजना (आयु.) हैं जो कि विशेष रूप से आदिवासी क्षेत्रों में स्थित है । इस कार्यक्रम में न केवल स्थानीय समस्याओं और उनसे संबंधित विषयों पर अपितु इन समस्याओं को सुलझाने की विधियों / उपायों की पहचान और कार्यान्वयन पर अधिक घ्यान दिया जाता है । इसके अतिरिक्त कुछ अनुंसघान संस्थान / केंद्र / एकक भी ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित है तथा इन संस्थानों/केन्द्रों/एककों के बहिरंग रोगी विभाग /अंतरंग रोगी विभाग के माध्यम से और चल निदान चिकित्सात्मक अनुसंघान का कार्यक्रम / सामुदायिक स्वास्थ्य रक्षा अनुसंघान कार्यक्रम के अंतर्गत आक्समिक चिकित्सा प्रदान की जाती है एवं अनुसूचित जाति / अनुसूचित जन जाति बहुल संख्या वाले क्षेत्रों में स्वास्थ्य लाभ की सुविधा प्रदान की जाती है । परिषद के बजट में अनुसूचित जाति / अनुसूचित जन - जाति संबंघी योजना के लिए विशेष बजट आबंटित है ।

वैज्ञानिक परामर्शदात्री समिति (आयुर्वेद)

प्रतिवेदन अवधि के अंतर्गत वैज्ञानिक परामषर्शदाता समिति (आयु) निम्नप्रकार से गठित थी :-

1. डॉ. कणुभाई गोविन्द जी मावणी — अघ्यक्ष
2. डॉ. के रघुनाथन — सदस्य
3. डॉ. एस. एस. सावरीकर — सदस्य

4.	डॉ. ताशि यंगफेल तशहिगंग	सदस्य
5.	डॉ. (श्रीमती) मालती जी.चौहान	सदस्य
6.	डॉ. एस. के. शर्मा	सदस्य
7.	डॉ. अधिशया राज	सदस्य
8.	डॉ. के शंकरन	सदस्य
9.	डॉ. सुभाष लक्ष्मणराव गोविन्दवर	सदस्य
10.	डॉ. अरविन्द पाण्डेय	सदस्य
11.	डॉ. बी. एल. गौड	सदस्य
12.	निर्देशक,ए. एल. आर.सी.ए,चेन्नई	सदस्य
13.	डॉ. जी. एस. लव्हेकर निदेशक,के.आयु.सि.अनु.परिषद	सदस्य-सचिव

प्रतिवेदन अवधि के अन्तर्गत वैज्ञानिक परामषर्शदात्री समिति (आयुर्वेद) की दो बैठकें हुई ।

वैज्ञानिक परामर्शदात्री समिति (सिद्व)

प्रतिवेदन अविघ के दौरान वैज्ञानिक परामर्शदात्री समिति (सिद्व) निम्नप्रकार से गठित थीः-

1.	डॉ. सी. एन. डेईवन्यांगम	अध्यक्ष
2.	डॉ. एम. ए. कुमार	सदस्य
3.	डॉ. पी. अरूणचलम	सदस्य
4.	डॉ. जयप्रकाश नारायणन	सदस्य
5.	डॉ. वी. आर. शेषाद्रि	सदस्य
6.	डॉ.सेल्लामुथु	सदस्य
7.	प्रो. जी. गणपथि	सदस्य
8.	प्रो. जी. अंबुगणपथि	सदस्य
9.	निदेशक,राष्ट्रीय सिद्व अनुसंघान संस्थान, चेन्नई	रिक्त
10.	डॉ. जी.वेलुचामी,निदेशक,के.सिद्व अनु.संस्थान,चेन्नई	सदस्य
11.	डॉ. जी. एस.लव्हेकर निदेशक,के.आयु.सि.अनु.परिषद	सदस्य-सचिव

केंद्रीय आयुर्वेद एंव सिद्व अनुसंधान परिष्द का संगठनात्मक स्वरूप

परिषद के अंतर्गत 10 केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, 15 क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, एक क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, एक आदिवासी स्वास्थ्य रक्षा अनुसंधान परियोजना, एक तिब्बती चिकित्सा पर अनुसंधान, परियोजनाः मैटटूर में सिद्व चिकित्सा पद्वति पर एक औषध पादप उद्यान, केंद्रीय अनुसंधान संस्थान (सिद्व) चेन्नई के सीधे नियंत्रण में है । भारतीय चिकित्सा इतिहास संस्थान, हैदराबाद, ए. लक्ष्मीपति आयुर्वेद अनुसंधान केंद्र और कैप्टन श्रीनिवासमूर्ति आयुर्वेद औषध अनुसंधान संस्थान, चेन्नई तथा आयुर्वेद अनुसंधान एकक बंगलूर निदान चिकित्सात्मक अनुसंधान एकक (आयु.) , कोट्टाकल, प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य, अहमदाबाद औषध मानकीकरण अनुसंधान परियोजना, जामनगर तथा चिकित्सात्मक अनुसंधान एकक और औषध् पादप सर्वेक्षण एकक (सिद्व), पलायमकोट्टै तथा वांड्मय अनुसंधान एवं प्रलेख प्रभाग, चेन्नई में कार्यरत है ।

बजट प्रावधान

निम्नलिखित तालिका में परिषद के बजट प्रावधान को दिखाया गया है -

योजना व्यय	बजटअनुमान2005-06 (रूपये लाखों में)	2005-06 से जारी निधियों (रूपये लाखों में)	2005-06 में वास्तविक व्यय (रूपये लाखों में)
योजना	1250.00	1249 .99	1371 .15
गैर - योजना	2756.00	2573 .90	2839.29

परिषद के वर्ष 2005-2006 का लेखा परीक्षा महानिदेशक लेखा परीक्षा एवं केन्द्रीय राजस्व द्वारा किया गया है ।

राजभाषा कार्यान्वयन समिति

परिषद के अन्तर्गत राजभाषा कार्यान्वयन समिति, परिषद निदेशक की अध्यक्षता में बनी हुई है जो राजभाषा अधिनियम / निति/नियमों/आदेशें, कार्यक्रमों आदि के कार्यान्वयन की स्थिति तथा परिषद में हिंदी को बढावा देने के लिए परामर्श देती है । प्रतिवेदन अवधि के दौरान 7 जून, 2005 एवं 19 दिसम्बर, 2005 को समिति की बैठकें हुई ।

संगोष्ठी/कार्यशाला एवं सम्मेलन

1. मानकीकरण में आधुनिक दृश्य एवं भा.चि.प. औषधियों के अच्छी निर्माण विधियों पर राष्ट्रीय संगोष्ठी ।

कैप्टन श्रीनिवास मूर्ति आयुर्वेद औषधि अनुसंधान संस्थान (सी सी आर ए एस) द्वारा मानकीकरण में आधुनिक दृश्य एवं भा.चि.प. औषधि के अच्छे निमार्ण प्रचलन पर दो दिवसीय संगोष्ठी 7 एवं 8 जुलाई, 2005 को विजय पार्क होटल, चेन्नई में संचालन किया गया ।

सुश्री पिल्लै सचिव, भाचिप, भारत सरकार द्वारा कार्यवाही का उदघाटन किया गया । उन्होंने भारतीय औषधियों के मानकीकरण पर बल दिया । श्री एम. एफ. फारूकी, राज्य भारतीय औषधि के विशेष आयुक्त भी इस अवसर पर उपस्थित थे । डॉ. जी.एस. लक्ष्केकर, निर्देशक, केन्द्रीय आयुर्वेद एंव सिद्व अनुसंघान परिषद ने इस अवसर पर स्वागत भाषण एवं आधार व्याख्यान दिया ।

अपने स्वागत भाषण एवं आधार व्याख्यान के दौरान डॉ. लक्ष्केकर ने कहाकि यद्यपि भारत को जड़ी-बूटियों पर चीन के पारम्परिक ज्ञान से आगे करने का समय आ गया है । जड़ी-बूटियों के निर्यात का अंश चीन की अपेक्षा मानकीकरण की कमी की वजह से कम है । उनके आधार व्याख्यान ने चेन्नई के स्टाफ को उत्प्रेरित किया कि अनुसंघान कार्य में अधिक से अधिक योगदान दें ।

सम्पूर्ण देश से बहुत से आयुर्वेदिक चिकित्सक संगोष्ठी में उपस्थित हए तथा उन्होंने अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया।

सम्पूर्ण देश से 100 से अधिक प्रतिनिधियों ने संगोष्ठी में भाग लिया । संगोष्ठी से वैज्ञानिकों, शिक्षार्थीयों उद्योगपति, शोधकर्ता एंव छात्र एक मंच पर एकत्र हुए । विभिन्न वैज्ञानिक सत्रों में 50 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए तथा प्रस्तुतीकरण पर विचार -विमर्श भी किया गया ।

2. मडितस्स्या आयुष-2005

मदुरै में 22 से 24 जुलाई, 2005 तक आयोजित मडितस्स्या आयुष . 2005 प्रदर्शनी में केन्द्रीय सिद्व अनुसंघान संस्थान, चेन्नई के माध्यम से परिषद ने सहभागिता की । प्रदशर्नी में आयुष की विशेषताओं को उजागर किया गया ।

प्रदर्शनी में केन्द्रीय सिद्व अनुसंघान - संस्थान चेन्नई द्वारा आम लोगों के लिए सिद्व पद्वति की विशेषताओं की जानकारी हेतु एक स्टाल लगाया गया । पर्चा सामग्री, वाउचर्स, एवं पत्रक तमिल एवं अंग्रेजी में वितरित कर लोगों का घ्यानाकर्षण किया गया ।

सिद्व चिकित्सा पर विभिन्न 6 प्रकार की पुस्तक लोगों को उपलब्ध करायी गयी । लगभग 195 पुस्तकों की बिक्री की गई । लोगों द्वारा आयर्वेद में प्रयुक्त औषधि पादपों पर आधारित ऑकड़े ,खड I -III पुस्तक के अंग्रेजी संस्करण की सभी ने प्रशंसा की । लोगों के ज्ञानवर्द्वन हेतु चार्ट एवं कच्ची औषधियों की प्रदर्शनी की गई । 25,000 से अधिक आगन्तुक स्टाल में आए और प्रभावित हुए । लोंगों की मॉग थी की औषधि से संवंधित प्रकाशन एवं चार्ट की बिक्री की जाए ।

3. आयुर्वेदिक औषधियों के मानकीकरण हेतु पैरामीटर्स विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला

नागपुर में 23-24 जुलाई 2005 को आयुर्वेदिक औषधि मानकीकरण हेतु पैरामीर्टस पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । क्षेत्रीय अनुसंघान संस्थान (आयुर्वेद), नागपुर ने औषधि निर्माण विज्ञान विभाग नागपुर के साथ संयुक्त रूप से मिल कर कार्यशाला का आयोजन किया था । कार्यशाला का प्रायोजक आयुष विभाग था ।

श्री सुरेश चतुर्वेदी, माननीय मंत्री नागपुर ने समारोह का उद्घाटन किया । डॉ. जी. एस. लव्हेकर, निर्देशक, सी. सी. आर. ए.एस. नई दिल्ली ने कार्यवाही की अघ्यक्षता की । डॉ. डी. एन. खोने, उप - निर्देशक आयुर्वेद, मेडिकल शिक्षा विभाग मुम्बई माननीय अतिथि थे । 24 जुलाई 2005 को कार्यशाला समापन हुआ । समापन समारोह की अघ्यक्षता डॉ. वेद प्रकाश मिश्र, अघ्यक्ष एम. सी. आई. द्वारा की गई । डॉ. आनन्द ओमप्रकाश निर्देशक, औषधि निर्माण विज्ञान विद्यालय, ग्वालियर कार्यवाही के मुख्य अतिथि थे । डॉ. आर.बी.सोंगवा, सयुक्त निदेशक, भाचिप विभाग, भोपाल माननीय अतिथि थे ।

4. यौन पुनरूत्पादन स्वास्थ्य एवं अधिकार पर नीति निर्माताओं की संगोष्ठी

31 दिसम्बर 2005 को होटल सिसमो में यौन पुनरूत्पादन स्वास्थ्य एवं अधिकार पर नीति निर्माताओं द्वारा संगोष्ठी की गई । इसका आयोजन भारतीय परिवार नियोजन संघ, भुवनेश्वर शाखा द्वारा किया गया । डॉ. बी. के. दास., निर्देशक (परिवार कल्याण) , उड़ीसा सरकार द्वारा संगोष्ठी का उद्घाटन किया गया । जनसंख्या वृद्वि, पौराणिक गाथा एवं मिथ्या घारणा, पूर्व यौन चयन एवं बालिकाओं की पूर्व में ही गर्भ हत्या, यौन रूपान्तरण एवं वस्तुतः में पुनरूत्पादन अधिकार, पर संगोष्ठी केन्द्रित था । डॉ. अनिता चौघरी, चिकित्सा अधिकारी - परिवार नियोजन संघ भारत, भुवनेश्वर ने संगोष्ठी के समापन पर सभी को धन्यवाद दिया।

5. जड़ी- बूटी व्यापार मेला संगम-2005

जड़ी-बूटी व्यापार मेला संगम -2005 का आयोजन एनजीओ " संबन्ध द्वारा नबार्ड, ओटेल्प एवं एक्शन एड के साथ मिलकर 17 से 23 नवम्बर, 2005 तक आदिवासी प्रदर्शनी ग्राउन्ड, यूनिट -1, भुवनेश्वर में आयोजन किया गया। श्री अरविन्द बेहरा, आयुक्त सह सचिव, आर.डी. विभाग, उड़ीसा सरकार द्वारा इसका उदघाटन किया गया, औषधि पादपों की बिक्री की गई । पारम्परिक वैद्यों को औषधि पादपों की कृषि हेतु सचेत करना । स्वयं सहायता समूहों का स्वास्थ्य जॉच किया गया तथा औषधियों की आपूर्ति की गई। श्री बल्लभ मांझी, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री, उड़ीसा सरकार समापन समारोह में उपस्थित हुए ।

6. 30वें कालचक्र पर्व में चिकित्सा शिविर

अमरावती, गुंटुर जिला, आन्ध्र प्रदेश् में 5-16 जनवरी, 2006 तक आयोजित 30वें कालचक्र पर्व में क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (आयुर्वेद) , विजयवाड़ा द्वारा एक स्टाल लगाया गया तथा निःशुल्क जॉच शिविर का आयोजन किया गया । स्टाल का उद्घाटन श्रीमती विजयलक्ष्मी, जिलाधीश, गुंटुर द्वारा किया गया । संस्थान ने स्टॉल में परिषद की गतिविधि एवं प्रकाशन को प्रदर्शित की ।

श्री कन्ना लक्ष्मीनारायण, माननीय सहकारी राज्य मंत्री का स्टॉल में शुभागमन हुआ तथा उन्होंने संगठन की प्रशंसा की । 3000 से अधिक तीर्थयात्री स्टॉल में आए । तीर्थयात्रियों एवं रोगियों की संस्था में बोद्व साधु, मठवासी एवं विदेशी थे ।

7. गून्टूर में चिकित्सा शिविर

क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (आयुर्वेद) , विजयवाड़ा ने चिन्ना जियार आश्रम, सीतानगरम, गून्टूर जिला में 17 दिसम्बर 2005 को दो दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया । संधिवात, वातव्याधि, त्वकरोग, प्रतिश्याय, दौर्बल्य, उदरशूल, कास, कटिशूल आदि रोग से पीड़ित मरीजों को निःशुल्क उपचार एवं आयुर्वेदिक औषधि दी गई । आयोजनकर्ता के अनुसार 376 रोगियों को शिविर में सुविधा प्रदान की गई । उन्होंने प्रचार तथा मरीजों की प्रतिपुष्टि हेतु संस्थान तथा आयुर्वेद के लिए प्रचार सामग्री एवं वाउचर वितरित किया ।

8. पेंडाना ग्राम में चिकित्सा शिविर

क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (आयुर्वेद) , विजयवाड़ा ने पेंडाना ग्राम,जिला-कृष्णा, आन्धप्रदेश के निगम कार्यालय में 21 से 22 दिसम्बर, 2005 तक फिलेरियासिस के मरीजों हेतु निःशुल्क चिकित्सा उपचार शिविर का आयोजन किया । एम. एन. ओ. एवं पी.एच. सी. चिकित्सक भी इसमे सम्मिलित हुए । शिविर में दौरान पैरामडिकल स्टाफ एवं स्थानीय एम.एन. ओ. के साथ चिकित्सक टीम इस गॉव के प्रभावित क्षेत्रों का द्वार से द्वार तक दौरा किया । ग्रामीणों को निःशुल्क आयुर्वेदिक औषधि एवं जाचं मुहैया कराया । शिविर प्रतिवेदन के अनुसार ग्रामीणों के बहुसंख्याकों में यह रोग बृहत स्तर पर फैलने का कारण यह है कि, ग्रामीण बुनकर हैं और अधिक समय तक गढ्ढे में बुनने का काम करतें हैं जो कि अंधेरा एवं अधिकाधिक मच्छरों से भरा रहता है । कई रोगियों को शिविर में उपचार प्रदान किया गया । 177 स्लीपद के रोगियों का शिविर में उपचार किया गया ।

9. क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, त्रिवेन्द्रम में आरोग्य - 2005

क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, त्रिवेन्देम ने अरोग्य 2005 चन्द्रशेखर नायर स्टेडियम में 24 दिसम्बर से 27 दिसम्बर 2005 तक आयोजित आरोग्य 2005 में प्रदर्शनी हेतु स्टाल लगाया था । माननीय मुख्य मंत्री केरल श्री ओमनचांडी ने 25 दिसम्बर 2005 को आरोग्य-2005 पर प्रदर्शनी तथा संगोष्ठी का उद्घाटन किया । श्री एम. विजयकुमार, पूर्व स्पीकर एवं जिला सचिव, सी.पी.एम. ने प्रदर्शनी हॉल का उद्घाटन किया ।

प्रदर्शनी स्टाल में आए रोगियों को निःशुल्क परामर्श एवं उपचार दिया गया । सी सी आर ए एस प्रकाशनों का लघु स्टाल भी लगाया गया । आगन्तुकों को औषधीय पादपों एवं धरेलू चिकित्सा में उनके प्रयोग की महत्वता की व्याख्या की गई । प्रदर्शनी के दौरान प्रचार हेतु परिषद प्रकाशन एवं साधारण रोग के सम्बन्ध में मलयालम भाषा में पर्चा वितरित किए गए । प्रदर्शनी के दौरान लोगों की अच्छी भीड़ थी एवं आगुन्तुकों ने संस्थान की व्यवस्था एवं कार्य की सराहना की ।

10. जरा रोग (जराव्याधि) प्रबन्धन पर एक संगोष्ठी

डॉ. ए. लक्ष्मीपति अनुसंधान केन्द्र (आयुर्वेद) , चेन्नई द्वारा 19 से 20 अगस्त 2005 तक जरा रोग (जरा व्याधि) प्रबन्धन पर दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया । यह आयुष विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित था ।

डॉ. कृष्णदत शर्मा, उप निर्देशक (तक) केन्द्रीय आयुर्वेद एवं सिद्व अनुसंधान परिषद ने अपने स्वागत भाषण में कहाकि आयुर्वेद एवं सिद्व चिकित्सा पद्वति जरा रोग की समस्याओं के

उपचार में विशेष रूप से दक्ष हैं । डॉ. सी. एन. देयवनयगम, पूर्व निर्देशक, थोरेसिक चिकित्सा शासकीय चिकित्सालय ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहाकि जब आधुनिक चिकित्सा अधिक उम्र के उचित उपचार में असफल हो गया हो तो आयुर्वेद पद्वति जीवन शैली को परिवर्तित कर सकती है तथा ओसटिओपोरोसिस तथा अर्थरिटिस की स्थिति में सुधार ला सकती है । बुढ़ापे में प्रतिरोधक्षमता एवं संक्रमण, आयुर्वेद में जरा रोग, तथा जरा रोग समस्याओं का निवारण आदि विषयों पर संगोष्ठी में सात सत्र हुए । सुश्री शीला राम चुंकठ, अधिवक्ता ने संगोष्ठी का उदधाटन किया तथा कार्बनिक पेस्टनाशी खाद्य्य पदार्थ की वकालत की । देश के बहार से विभिन्न चिकित्सा पद्वतियों के लगभग 200 वैज्ञानिकों ने संगोष्ठी में सहभागिता की ।

11. अखिल भारतीय आयुर्वेदिक सम्मेलन के 57 वॉ समग्र सत्र के दौरान एक प्रदर्शनी

केन्द्रीय आयुर्वेद अंनुसघान संस्थान, जयपुर द्वारा बिड़ला श्रोतागार जयपुर में दिनांक 27 से 28 फरवरी, 2005 तक अखिल भारतीय आयुर्वेदिक सम्मेलन के 57 वॉ समग्र सत्र का आयोजन किया गया । प्रदर्शनी में उन्होंने परिषद प्रकाशन, गुग्गुलु पादप, चार्टस अन्य सामग्रीयों को प्रदशित किया । प्रदर्शनी के दौरान श्री भैरो सिहं शेखावत, माननीय उपराष्ट्रपति, भारत, श्री अशोक गहलोत, पूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान, डॉ एस.के.शर्मा,सलाहकार, आयुष विभाग, भारत सरकार एवं पदमश्री वैद्य देवेन्द्र त्रिगुणा ने स्टाल का दौरा किया । प्रदर्शनी के दौरान सम्पूर्ण देश से लगभग 2000 आयुर्वेदिक चिकित्सक तथा सामान्य लोगों का स्टाल में आगमन हुआ ।

12. आरोग्य - 2005 हैदराबाद

आरोग्य -2005, पीपुल प्लाजा, नेक लेक रोड, हैदराबाद में दिनांक 10 से 13 नवम्बर 2005 तक मनाया गया । इसका शुभ उदद्याटन डॉ.अम्बुमणिरामदास माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, भारत सरकार द्वारा लैम्प जलाकर किया गया । डॉ वाय. एस.राजशेखर रेडडी, माननीय मुख्यमंत्री, आन्ध्रप्रदेश, श्रीमती पनाबका लक्ष्मी, माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री ने भी लैम्प जलाकर आरोग्य 2005 का शुभ उदघाटन किया । श्रीमती उमा पिल्लै, सचिव, आयुष विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने इस अवसर पर अतिथियों को स्वागत भाषण से सम्बोधित किया । डॉ रामदास ने उच्च अधिकारियों को सम्बोधित किया । परिषद ने भी इसमें सहभागिता की । परिषद के पैविलियन में आयुर्वेदिक औषधि, जीवन रक्षक औषधि पादप एवं परिषद प्रकाशन मुख्य आकर्षण केन्द्र थे । परिषद शीघ्र विभिन्न विषयों पर शीघ्र पहुँच हेतु दूरदर्शन सर्किट स्क्रीन स्थापित किया था । डॉ जी. एस. लव्हेकर, निर्देशक, सी सी आर ए एस, ने वहां पर परिषद का प्रतिनिधित्व किया ।

13. संजीवनी 2006, वांशे

आधुनिक महाविद्यालय ग्राउन्ड, वशि, नवी मुम्बई में दिनांक 12 से 15 जनवरी 2006 तक संजीवनी 2006 को मनाया गया । इसका आयोजन टाइम्स वेलनेस एण्ड एकशन द्वारा किया गया।

संवर्द्धन प्रजापति निमार्ण द्वारा इसका संवर्द्धन एवं योगविद्या प्राणिक हीलींग द्वारा प्रायोजित संजीवनी 2006 का उदघाटन श्री संविध सुधवी, जिला शासक, अंतर्राष्ट्रीय लायन्स कल्ब द्वारा किया गया । यह प्रदर्शनी सयुंक्त रूप से आयुर्वेद, होम्योपैथी, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, एक्यूप्रेशर, एक्यूपन्चर, सूजोक, रिफलेक्सेलोजी, चुम्बकीय चिकित्सा, क्राइस्टल चिकित्सा, पिरोमिड चिकित्सा पिरोमिड, एरोमा चिकित्सा, प्रणायाम, ध्यानयोग चिकित्सा पद्वतियों द्वारा प्रस्तुत किया गया ।

केन्द्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान मुम्बई ने, केन्द्रीय आयुर्वेद एवं सिद्व अनुसंधान परिषद के लिए एक स्टॉल लगाया था । परिषद के स्टाल का विशेष आकर्षण प्रसार एवं विक्री हेतु परिषद प्रकाशन था । प्रदर्शनी के दौरान परिषद ने रूपये 11,566.00 की विक्री की । प्रदर्शनी के दौरान आगन्तुकों हेतु संस्थान ने निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच एवं आयुर्वेद पर परामर्श उपलब्ध कराया ।

14. पुल्लिचापुल्लम् में स्वास्थ्य मेला

पुल्लिचापुरम में आयुर्वेद पर दिनांक 27 फरवरी 2006 को पुल्लिचापुलम् वनुर तालुक, विल्लूमपुरम जिला में एक दिवसीय मेले का आयोजन किया गया । डॉ अम्बुमणि रामदास, माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री द्वारा मेले का उदघाटन किया गया । इस अवसर पर क्षेत्रीय सिद्व अनुसंधान संस्थान, पांडिचेरी ने परिषद के लिए एक स्टाल भी लगाया । स्टाल में परिषद की गतिविधि को पर्चे में प्रदशित किया गया तथा आगन्तुकों को समझाया गया । सजीव औषधीय पादपों को स्टाल में रखा था और उसके प्रयोग के सम्बन्ध में आगन्तुकों एवं रोगियों को जानकारी दी गई । परिषदीय प्रकाशनों को भी प्रदशित किया गया । सिद्व पद्वति के महत्वपूर्ण चिकित्सा परामर्श जैसे - आहार , ग्रामीण स्वास्थ्य, रोग निवारण, योग अभ्यास एवं परिवार नियोजन के संदर्भ में रोगियों को बताया गया । कुल 147 मरीज बीमार के उपचार से लाभन्वित हुए ।

15. आयुर्वेद पर 5वाँ अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी

गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जामनगर में 5 से 7 जनवरी, 2006 तक आयुर्वेद पर 5वी अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी सम्पन्न हुई । सँगोष्ठी के दौरान क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (आयुर्वेद), जूनागढ़ ने प्रदर्शनी में सहभागिता की । प्रो. आर. एच. सिंह, कुलपति, राजस्थान आयुर्वेद विश्वविधालय, जोधपुर ने प्रदशनीं क उद्घाटन किया । प्रो एम. एस. सावरीकर, कुलपति गुजरात आयुर्वेद विश्यविद्यालय, जामनगर एवं अन्य उच्च अधिकारियों ने प्रदर्शनी के सभी स्टॉलो को देखा ।

सभी उच्च अधिकारी जो संस्थान के स्टाल में आए उनका डॉ. आर.एन. आचार्य प्रभारी अनु. अधिकारी द्वारा स्वागत किया गया तथा परिषद के गतिविधियों के विषय में जानकारी दी ।

प्रदर्शनी के दौरान कई वैज्ञानिक, विद्वान, प्रतिनिधि जिसमें विदेशी प्रतिनिधि भी शामिल हैं तथा इच्छुक व्यक्तियों ने स्टॉल को देखा तथा परिषद की गतिविधि की भूरि - भूरि प्रशांसा की ।

16. चेन्नई में मल्टी मेडिआ कमपेइन

मीनाबक्कम, चेन्नई में 5 से 8 जनवरी 2006 तक मल्टी मेडिआ कमपेइन का आयोजन किया गया । मल्टी मेडिआ कमपेइन प्रदर्शनी के दौरान डॉ ए. लक्ष्मीपति अनुसंधान केन्द्र , चेन्नई द्वारा परिषद की गतिविधियों एवं प्रकाशनों के प्रचार - प्रसार हेतु स्टाल लगाया गया । कमपेइन के दोरान परिषद प्रकाशन, कच्चे औषधि, पर्चा एवं औषधि पादप प्रदशित किए गए । मेदारोग , व्यान बल वैषम्य तथा सी सी आर ए एस / ए एल आर सी ए नागरिक चार्टर, लोगों को निःशुल्क वाउचर वितरित किए गए । इस कमपेइन के द्वारा लगभग 539 रोगी लाभान्वित हूए । इस अवधि में केन्द्र ने एडस जागरूकता पर लोगों हेतु मुक्त डायस पर एन जी ओ की सहायता से एक पारस्परिक क्रिया सत्र का आयोजन किया गया । जिसका उद्घाटन प्रतिरक्षा मंत्रालय द्वारा किया गया ।

17. रानीपेत में स्वास्थ्यमेला

रानीपेत,अरकोनम संसदीय क्षेत्र तमिलनाडु में दिनांक 11 से 13 फरवरी 2006 तक स्वास्थ्य मेले का संचालन किया गया । केन्द्रीय सिद्व अनुसंधान संस्थान चेन्नई भी इससे सम्मिलित हुआ । संस्थान ने परिषद संस्थान की गतिविधि एवं कच्ची औषधियों की प्रदर्शन हेतु एक स्टाल लगाया था । निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भी संचालन किया गया । मेले के दौरान कुल 236 रोगियों का उपचार किया गया । औषधियाँ निःशुल्क वितरित की गई । बिक्री हेतु परिषद प्रकाशनों को प्रदशित किया गया तथा कुल राशि रू. 2649/- की पुस्तकों की विक्री की गई । उन्होंने आर सी एच औषधि एवं जन सूचना हेतु जीवन शैली विकार के विषय में परिषद की गतिविधियों के प्रसार हेतु पर्चा एवं वाउचर्स इत्यादि को भी वितरित किया । श्री आर वेलु , माननीय रेल राज्य मंत्री एवं जिलाधीश अरकोट को स्टॉल में शुभागमन हुआ तथा उन्होंने परिषद की गतिविधि की प्रशंसा की । स्टाल में कुल 169 आगुन्तक आए ।

18. राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन की भूमिका पर एक कार्यशालल

क्षेत्रीय अनुंसघान संस्थान (आयुर्वेद) , पटना एवं आयुष विभाग, केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में दिनांक 8 फरवरी 2006 को एक दिवसीय

राष्ट्रीय ग्रमीण स्वास्थ्य मिशन की भूमिका पर कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला के दौरान संस्थान ने बिहार की औषधि पादपों एवं उनकी उपयोगिता पर एक प्रदर्शनी की व्यवस्था की तथा स्वास्थ से संबंधित पौष्टिक भोजन पर पर्चा प्रदर्शित किया । श्री चन्द्र मोहन राय, स्वास्थ्य मंत्री, बिहार सरकार एवं श्री अर्जुन राय, सूचना एवं जन-सर्म्पक मंत्री, बिहार सरकार का अन्य प्रतिनिधियों के साथ प्रदर्शनी में शुभागमन हुआ । प्रदर्शनी के दौरान आदिवासी ग्राम्रीणों हेतु संस्थान की गतिविधयों पर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया ।

19. पैरियाकुलम में मल्टी मेडिआ कम्पेइन

पेरियाकुलम, चेन्नई में दिनांक 28 से 31 जनवरी,2006 तक मल्टी मेडिआ कम्पेइन मनाया गया । डॉ. ए. लक्ष्मीपति अनुसंधान केन्द्र, चेन्नई ने परिषद की गतिविधियों एवं प्रकाशन के प्रचार हेतु मल्टी मेडिआ कम्पेइन में एक स्टाल लगाया । कम्पेइन के दौरान परिषद प्रकाशन, कच्ची औषधि, पर्चा, चार्ट एवं औषधि पादप प्रदर्शित किए गए। परिषद स्टॉल में श्री दयानिधि मारन, माननीय संचार एवं सूचना प्रोद्यौगिकी मंत्री, श्री श्रीप्रकाश जायसवाल, माननीय गृह राज्य मंत्री, श्री एस रघुपति, माननीय गृह राज्य मत्रीं, श्रीमती पनाबाका लक्ष्मी, माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री एवं श्री जे एम अरूण, माननीय संसद सदस्य का शुभागमन हुआ तथा उन्होंने परिषद गतिविधियों की प्रशंसा की । श्रीमती लक्ष्मी ने रूचि दिखायी तथा निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा सलाह के विषय में एवं रोगियों को निःशुल्क औषधि वितरण में जिज्ञासा प्रकट की । केन्द्र ने लोगों के लिए निःशुंल्क परामर्श की व्यवस्था की थी । इस कम्पेइन में कुल 597 रोगी लाभान्वित हुए ।

20. औरंगाबाद में पुस्तक मैंला

नेशनल बुक ट्रस्ट एवं मराठी प्रकाशक परिषद ने दिनांक 2 से 11 दिसम्बर, 2005 तक जिला परिषद ग्राउन्ड में पुस्तक मेले का आयोजन किया । श्री प्रभाकर श्रोत्रिय, निर्देशक, ज्ञानपीठ द्वारा मेले का उदधाटन किया गया । उन्होंने कहा कि शिक्षित, संस्कृतनिष्ठ से देश में एकता की स्थापना हो रही है । कई लेखक, कवि एवं साहित्य प्रेमी इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए । उद्घाटन कार्यक्रम अवधि में श्री अरूण भोरकर, विभागाध्यक्ष, नेशनल बुक ट्रस्ट, श्री सुबीर दता, उपनिर्देशक, नेशनल बुक ट्रस्ट , एवं आयोजक मेला, प्रसिद्व हिन्दी लेखक उदय प्रकाश, डॉ नागनाथ कोटापल्ले, कुलपति मराठावाड़ा विद्यापीठ, श्री अरूण कुलकर्णी, मराठी प्रकाशन मंदिर प्रमुख आदि मंच पर उपस्थित थे । पुस्तक मेले में प्रसिद्व प्रकाशक स्टाल लगाए थे । दिल्ली, राजस्थान, महाराष्ट्र , उतर प्रदेश, गुजरात, आन्ध्रप्रदेश, कर्नाटक आदि प्रदेशों से प्रकाशक आए थे । इस अवधि में आयोजक ने आगन्तुकों के लिए कई सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रबन्ध किया । मेले की अवधि में लोगों ने मेले के लिए अनुदान दिए । परिषद प्रकाशन हेतु आर आर ए पी, सी आर

आई (आयुर्वेद) , मुम्बई ने भी स्टॉल लगाया था । इस अवधि में रूपये 2980/- के परिषद प्रकाशन की बिक्री की गई ।

21. नैदानिक परीक्षण में सांख्यिकी विधि पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

परिषद ने नैदानिक परीक्षण में सांख्यिकी विधि पर सफलतापूर्वक दिनांक 26 से 30 सितम्बर 2005 तक पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयुष श्रोतागार सी सी आर ए एस मुख्यालय नई दिल्ली में शोधकर्ता, सांख्यिकी एवं विभिन्न संस्थानों के अधिकारियों आयुष विभाग के अनुंसधान परिषदों हेतु आयोजन किया ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 26 सहभागिताओं ने भाग लिया । सभी विशेषज्ञों, प्रवीण पर्यवेक्षक एवं सहभागिताओं ने आयुर्वेद एवं सिद्व की बेहतर हेतु इस अनुपम प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए परिषद की प्रशंसा की ।

22. जैव - सांख्यिकी एवं अनुसंधान कार्यप्रणाली पर कार्यशाला

विश्व स्वास्थ्य संगठन के इस अवसर के अन्तर्गत परिषद ने आयुष श्रोतागार, सी सी आर एएस, नई दिल्ली में जैव - सांख्यिकी एवं अनुसंधान कार्यप्रणाली पर कार्यशाला शोधकर्ताओं एवं राष्ट्रीय शैक्षणिक संस्थानों तथा आयुष विभाग के अनुसंघान परिषदों हेतु दिनांक 23 से 24 दिसम्बर 2005 को दो दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया । विभिन्न क्षेत्रों के 60 सहभागिताओं तथा 35 आयुर्वेद, 5 सिद्व, 9 होम्योपेथी, 3यूनानी, 3 योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा,3 जैव सांखियकी, 2 मनचिकित्सा एवं सामाजिक कार्य ने कार्यशाला में उपस्थित हुए ।

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर, राष्ट्रीय सिद्व संस्थान, चेन्नई स्नातकोतर संस्थान प्रशिक्षण एवं अनुंसधान, गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय जामनगर केन्द्रीय यूनानी अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली, केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद नई दिल्ली एवं केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद नई दिल्ली एवं केन्द्रीय आयुर्वेद एवं सिद्व अनंसधान परिषद नई दिल्ली के प्रतिनिधि उपस्थित हुए विभिन्न प्रसिद्व राष्ट्रीय संस्थानों के प्रख्यात विशेषज्ञ भी उपस्थित थे ।

आयुष विभाग के वैज्ञानिकों को एक स्थल पर इस अनुपम पारस्परिक प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालन हेतु सभी विशेषज्ञों दक्ष एवं सहभागिताओं ने परिषद की भूरि भरि प्रशंसा की ।

23. चिकित्सा लेखन (वैज्ञानिक एंव तकनीकी) पर राष्ट्रीय कार्यशाला

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग द्वारा प्रायोजित आयुष श्रोतागार, केन्द्रीय आयुर्वेद एंव सिद्व अनुसंधान परिषद मुख्यालय नई दिल्ली में आयुष विभाग के अनुसंधान परिषदों एवं राष्ट्रीय संस्थानों के शोधकर्ताओं एवं शिक्षार्थीयों हेतु दिनांक 21 से 23 मार्च 2006 को परिषद द्वारा चिकित्सा लेखन (वेज्ञानिक एवं तकनीकी) पर राष्ट्रीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया ।

विभिन्न क्षेत्रों के 150 सहभागिताओं यथा आयुर्वेद, सिद्व, यूनानी, होम्योपैथी, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा तथा केन्द्रीय यूनानी अनुसंधान परिषद, केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद, केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद एवं केन्द्रीय आयुर्वेद एवं सिद्व अनुसंधान परिषद के भारतवर्ष के विभिन्न राज्यों में स्थित विभिन्न एककों के साथ ही राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर, राष्ट्रीय संस्थान चेन्नई, राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा और संस्थान बंगलूर, ने कार्यशाला में उपस्थित हुए ।

24. सम्पूर्ण चिकित्सा (आयुर्वेद सिद्व) क्षेत्र एवं चुनौती पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

परिषद ने विश्व स्वास्थ्य संगठन के शुभ अवसर के अन्तर्गत दिनांक 25 से 26 मई 2005 को भारत अतंर्राष्ट्रीय केन्द्र नई दिल्ली में सम्पूर्ण चिकित्सा (आयुर्वेद एवं सिद्व) क्षेत्र एवं चुनौती विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया ।

सुश्री उमा पिल्लै, सचिव, आयुष विभाग स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री भारत सरकार द्वारा संगोष्ठी का उद्घाअन किया गया । डॉ. पी. वी कुरूप, उपाध्यक्ष, शासी निकाय, केन्द्रीय आयुर्वेद एवं सिद्व अनुसंधान परिषद ने उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता की ।

मूलभूत अनुंसधांन, किलीनिकल एवं एप्पलाईड अनुसंधान तथा मानकीकरण, गुणवता नियन्त्रण, भेषजगुण विज्ञान एवं संबधित क्षेत्र, इसके अतिरिक्त भा. चि. प. एवं हो औषधियों के विकास हेतु एक पारस्परिक मिलन सत्र पर तीन तकनीकी सत्र संचालित किए गए । सभी विशेषज्ञ, निपुण पर्यवेक्षक एवं सहभागिताओं, भेषजीय अद्योगों के प्रतिनिधियों ने परिषद के इस अनोखा संगोष्ठी संचालन एवं आयुर्वेद एवं सिद्व के बहेतर हेतु पारस्परिक मिलन सत्र के प्रयास की सराहना की ।

III. तकनीकी प्रतिवेदन

(अ) आयुर्वेद

1. संस्थान/केंद्र/एकक के लिए प्रयुक्त संकेताक्षर

क्र. सं.	संस्थान/केंद्र/एकक का नाम	संकेताक्षर
1.	केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली	कें.अनु.सं.दि.
2.	केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, भुवनेश्वर	कें.अनु.सं.भु.
3.	केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, मुम्बई	कें.अनु.सं.मुं
4.	केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, पटियाला	कें.अनु.सं.प.
5.	केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, चेरूतुरूति	कें.अनु.सं.चेरू.
6.	केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, कोलकाता	कें.अनु.सं.को.
7.	केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, लखनउ	कें.अनु.सं.ल.
8.	केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, ग्वालियर	कें.अनु.सं.ग्वा.
9.	केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, जयपूर	कें.अनु.सं.ज.
10.	क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, पटना	क्षे.अनु.सं.प.
11.	क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, जूनागढ़	क्षे.अनु.सं.जू
12.	क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, त्रिवेन्द्रम	क्षे.अनु.सं.त्रि.
13.	क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, ईटानगर	क्षे.अनु.सं.ई.
14.	क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, गुवाहटी	कें.अनु.सं.गु..
15.	क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, गंगटोक	कें.अनु.सं.गं.
16.	क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, मंडी	क्षे.अनु.सं.मं.
17.	क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, जम्मू	क्षे.अनु.सं.ज.
18.	क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, झांसी	क्षे.अनु.सं.झां.
19.	क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, नागपुर	क्षे.अनु.सं.ना.
20.	क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, विजयवाड़ा	क्षे.अनु.सं.वि

21.	क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, बंगलूर	क्षे.अनु.सं.बं
22.	क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, ताड़ीखेत	क्षे.अनु.सं.ता.
23.	क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, पुणे	क्षे.अनु.सं.पु.
24.	भारतीय आयुर्विज्ञान इतिहास संस्थान, हैदराबाद	भा.आयु.इ.सं.है.
25.	कैप्टन श्रीनिवासमूर्ति आयुर्वेद औषध अनुसंधान संस्थान	कै.श्री.आयु.औ.अनु.स.चे.
26.	डा. ए.लक्ष्मीपति आयुर्वेद अनुसंधान केंद्र, चेन्नई	ए.ल.आयु.अनु.कें.चे.
27.	क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान केंद्र, हस्तिनापुर	क्षे.अनु.कें.ह.
28.	आयर्वेद अनुंसधान एकक, निम्हांस, बंगलूर	आयु.अनु.ए.ब.
29.	निदानचिकित्सात्मक अनुसंधान एकक (आयु) कोट्टाकल	नि.चि.अनु.ए.कोट.
30.	निदानचिकित्सात्मक अनुसंधान एकक (आयु) अहमदाबाद	नि.चि.अनु.ए.अह.
31.	भेषजगुणविज्ञानीय अनुसंधान एकक परि.क.अनु.प जामनगर	भेवि.अनु.ए.परि.क.जा.
32.	आदिवासी स्वास्थ्य-रक्षा अनुसंधान परियोजना, कारनिकोबार	आ.स्वा.अनु.परि.का.नि.
33.	औषध मानकीकरण अनुसंधान परियोजना, जामनगर	औ.मान.अनु.परि.जा.
34.	सोवा-रिग्पा (आमची) अनुसंधान एकक, लेह	सो.रि. (आ.) अनु.ए.ले.
35.	आयुर्वेद चिकित्सा केंद्र , सफदरजंग, नई दिल्ली	आयु.चि.के.सफ.दि.

2. निदान चिकित्सात्मक अनुसंधान

परिषद के अधीन निदान चिकित्सात्मक अनुसंधान कार्यक्रम को दो श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है । निदान चिकित्सात्मक स्थिति में चयनित चिकित्साओं का निदान चिकित्सात्मक मूल्यांकन एवं आदिवासी स्वास्थ्य रक्षा अनुसंधान कार्यक्रम ।

किसी भी जैव-चिकित्सा अनुसंधान का मुख्य उद्देश्य चिकित्सीय उपयोग है । अतः विभिन्न प्रकार के चिकित्सा अनुसंधान में इसे विशिष्ट माना जाता है । आयुर्वेद के पक्ष में इसका महत्व और बढ़ जाता है । क्योंकि यह मुख्य रुप से निदान चिकित्सात्मक अवलोकनों पर आधारित है ।

प्रतिवेदन अवधि 2005-06 में आववात,अपस्मार,अर्श,भगन्दर ग्रहणी रोग, गृध्रसी, किटिभ, मधुमेह, मनोद्वेग, मेदोरोग, मूत्राश्मरी, पक्षाघात, पंगु, परिणामशूल, श्लीपद, तमकश्वास तिमिर रोग, विषमज्वर, ब्यानबल वैषम्य पर निदान चिकित्सात्मक अध्ययन किए गए कामला एवं मधुमेह पूर्व परियोजना कार्यक्रम के है तथा वर्तमान प्रतिवेदन अवधि 05-06 में संचालित किया जा रहा है । इसके अतिरिक्त दो रोगों अतिसार एवं प्रवाहिका का जीवीके कमपाउन्ड के साथ पायलट अध्ययन किया गया । उपरोक्त रोगों में कुल 2621 रोगियों का अध्ययन अंतरंग रोगी विभाग/बहिरंग रोगी विभाग स्तर पर किया गया । परिषद के अंतर्गत कार्यरत चिकित्सालयों के बहिरंग रोगी विभाग में 388657 रोगियों को चिकित्सा सहायता प्रदान की गयी । और अंतरंग रोगी विभाग में 2204 रोगियों को चिकित्सा हेतु भर्ती किया गया तथा 2158 रोगियों को चिकित्सा उपरान्त मुक्त किया गया । चिकित्सा विवरण,भाग लेने वाले संस्थानों/केंद्रों/एककों में अध्ययन किए गए रोगियों की कुल संख्या तथा परिणामों का विवरण निम्नलिखित है ।

(अ) निदानचिकित्सात्मक परीक्षण

(1) आमवात

आमवात पर निदानचिकित्सात्मक परीक्षण केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, मुंबई, ग्वालियर, जयपुर, चेरुतुरुति, कोलकाता, पटियाला, लखनऊ, दिल्ली, भुवनेश्वर, क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान मंडी, त्रिवेन्द्रम, विजयवाड़ा, नागपुर, जम्मू जूनागढ, पटना और ईटानगर में किए गए । विभिन्न चिकित्सा विधियों का प्रयोग करते हुए कुल 432 रोगियों पर विभिन्न प्रकार से निदानचिकित्सात्मक अध्ययन किए गए। इससे संबंधित संक्षिप्त विवरण तथा अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या और उनके परिणामों को भी निम्नलिखित तालिका द्वारा दर्शाया गया है ।

आमवात पर आयुर्वेदिक योगों का निदानचिकित्सात्मक अध्ययन एवं परिणामः

क्र.सं.	परीक्षण औषधे	संस्थान/केंद्र एकक	कुल रोगी	परिणाम				
				उत्तम लाभ	मध्यम लाभ	अल्प लाभ	शून्य लाभ	मध्यगत
1.	वर्धमान पिप्पल्यादि क्षीरपाक समीर पन्नगरस	कें.अनु.सं.मुं.	6	1	4	1	-	-
		कें.अनु.सं.ग्वा.	12	-	3	1	-	8
		क्षे.अनु.सं.मं.	11	-	4	6	-	1
		क्षे.अनु.सं.त्रि.	11	-	-	5	2	4
		क्षे.अनु.सं.वि.	18	3	8	5	1	1
2.	शुंठी गुग्गुलु एवं गोदन्ती का योग	कें.अनु.सं.ग्वा.	28	-	7	11	1	9
		कें.अनु.सं.मुं.	14	1	12	1	-	-
		कें.अनु.सं.ल.	19	9	4	1	-	5
		कें.अनु.सं.ज.	19	8	5	3	-	3
		कें.अनु.सं.दि.	36	2	8	6	2	18
		कें.अनु.सं.भु.	24	11	7	12	2	3
		कें.अनु.सं.प.	8	-	1	1	-	6
		कें.अनु.सं.को.	13	-	8	4	1	-
		क्षे.अनु.सं.मं.	10	1	5	3	-	2
		क्षे.अनु.सं.त्रि.	03	1	3	6	-	3
		क्षे.अनु.सं.वि.	15	-	7	5	1	1
		क्षे.अनु.सं.प.	17		9	2	6	-
		क्षे.अनु.सं.जू.	3	-	1	-	2	-
		क्षे.अनु.सं.ई.	22	4	6	3	2	7
		क्षे.अनु.सं.ज.	13	2	5	1	-	5
3.	सुरान्जन एवं शाल्लकी	कें.अनु.सं.ज.	18	3	1	3	-	11
		कें.अनु.सं.मुं.	2	-	1	-	1	-
		कें.अनु.सं.ल.	11	-	4	6	-	1

4.	पंचकर्म चिकित्सा समूह -1 दीपन पाचन (बलागुडुच्यादि क्वाथ, स्नेहपान इंदुकांत घृत) स्वेदन, वमन	कें.अनु.सं.को. कें.अनु.सं.प. कें.अनु.सं.चेरु.	23 1 4	6 - 2	7 1 1	3 - -	1 - -	6 - 1
5.	समूह 2 स्नेहपान इंदुकांत घृत स्वेदन, वमन संसर्जन, बला गुडुच्यादि क्वाथ	कें.अनु.सं.चेरु कें.अनु.सं.को. कें.अनु.सं.भु.	13 10 20	3 3 13	7 6 4	2 1 2	- - -	1 - 1
6.	समूह 3 पंचकर्म के बिना उपरोक्त चिकित्सा पंचकोल चुर्ण का प्रक्षेय और पत्र - पिंड स्वेद के रुप में प्रयोग	कें.अनु.सं.चेरु क्षे.अनु.सं.ना.	11 7	3 -	7 1	- 5	- -	1 1
योग			432	76	147	88	22	99

(2) अपस्मार

अपस्मार पर निदानचिकित्सात्मक परीक्षण आयुर्वेदिक अनुसंधान एकक, बंगलूर में किए गए कुल ३ रोगियों पर अध्ययन किया गया । इससे संबंधित संक्षिप्त विवरण तथा अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या और उनके परिणामों को निम्नलिखित तालिका द्वारा दर्शाया गया है:-

अपस्मार पर आयुर्वेदिक योगों का निदानचिकित्सात्मक अध्ययन एवं परिणामः

क्र.सं.	परीक्षण औषधि	संस्थान/केंद्र एकक	कुल रोगी	परिणाम				
				उत्तम लाभ	मध्यम लाभ	अल्प लाभ	शून्य लाभ	मध्यगत
1.	ब्रह्मयादि योग	आयु.अनु.ए.बं.	3	-	2	1	-	-
योग			3	-	2	1	-	-

(3) अर्श

अर्श पर निदानचिकित्सात्मक परीक्षण केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, ग्वालियर केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, कोलकाता, केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, दिल्ली, केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, मुंबई, केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, भुवनेश्वर, केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, लखनऊ, क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, पटना, क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, जम्मू, क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, मण्डी, और क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, बंगलूर क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र हस्तिनापुर में किए गए । विभिन्न चिकित्सा विधियों का प्रयोग करते हुए कुल 439 रोगियों पर विभिन्न प्रकार के निदानचिकित्सात्मक अध्ययन किए गए । इससे संबंधित संक्षिप्त विवरण तथा अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या और उनके परिणामों को निम्नलिखित तालिका द्वारा दर्शाया गया है ।

अर्श पर आयुर्वेदिक योगों का निदानचिकित्सात्मक अध्ययन एवं परिणामः

क्र.सं.	परीक्षण औषधि	संस्थान/केंद्र एकक	कुल रोगी	परिणाम				
				उत्तम लाभ	मध्यम लाभ	अल्प लाभ	शून्य लाभ	मध्यगत
1.	कंकायन वटी त्रिफला चूर्ण (सोते समय) एवं काशिसादि तैल का स्थानीय प्रयोग	कें.अनु.सं.ल.	30	4	2	7	-	17
		कें.अनु.सं.ग्वा.	43	1	6	19	2	15
		कें.अनु.सं.को.	92	16	24	20	32	-
		कें.अनु.सं.दि.	20	15	3	2	-	-
		कें.अनु.सं.मुं.	47	28	10	7	-	2
		क्षे.अनु.सं.ह.	10	-	5	1	-	4
		क्षे.अनु.सं.प.	21	3	7	6	5	-
		क्षे.अनु.सं.ज.	8	7	-	-	-	1
		क्षे.अनु.सं.म.	10	-	5	1	2	2
		क्षे.अनु.सं.बं.	14	3	6	1	1	3

2.	कंकायन वटी , क्रव्यादि रस,अभयारिष्ट और जात्यादि तैल का स्थानीय प्रयोग ।	कें.अनु.सं.ग्वा. कें.अनु.सं.को. क्षे.अनु.सं.ज. क्षे.अनु.सं.म. कें.अनु.सं.मुं.	29 7 7 12 30	1 1 6 - 11	8 2 - 8 13	9 3 - 2 4	- 1 - - 1	11 - 1 2 1
3.	कव्यादि रस, कशीशादि तैल, एवं त्रिफला चूर्ण	कें.अनु.सं.को.. कें.अनु.सं.भु. क्षे.अनु.सं.बं.	42 6 11	1 1 3	10 2 4	23 4 1	- - -	- 1 3
कुल योग			439	108	114	110	44	63

(4) भगन्दर

भगन्दर पर निदानचिकित्सात्मक परीक्षण केंद्रीय अनुसंधान संस्थान,दिल्ली एवं कोलकाता में किए गए । कुल 46 रोगियों पर क्षार सूत्र चिकित्सा विधि का प्रयोग करते हुए अध्ययन किया गया । इससे संबंधित संक्षिप्त विवरण तथा अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या और उनके परिणामों को निम्नलिखित तालिका द्वारा दर्शाया गया है:-

भगन्दर पर आयुर्वेदिक योगों का निदानचिकित्सात्मक अध्ययन एवं परिणामः

क्र.सं.	परीक्षण औषधि	संस्थान/केंद्र एकक	कुल रोगी	परिणाम				
				उत्तम लाभ	मध्यम लाभ	अल्प लाभ	शून्य लाभ	मध्यगत
1.	क्षार सूत्र कर्म	कें.अनु.सं.दि. के.अनु.सं.को.	20 26	15 5	3 4	2 14	- 3	- -
योग			46	20	7	16	3	-

(5) ग्रहणी रोग

ग्रहणी रोग पर निदानचिकित्सात्मक परीक्षण केंद्रीय अनुसंधान संस्थान,ग्वालियर,पटना और गंगटोक में किए गए । विभिन्न चिकित्सा विधियों का प्रयोग करते हुए कुल 108 रोगियों पर

अध्ययन किया गया । इससे संबंधित संक्षिप्त विवरण तथा अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या और उनके परिणामों को निम्नलिखित तालिका द्वारा दर्शाया गया है:-

ग्रहणी रोग पर आयुर्वेदिक योगों का निदानचिकित्सात्मक अध्ययन एवं परिणाम:

क्र.सं.	परीक्षण औषधि	संस्थान/केंद्र एकक	कुल रोगी	परिणाम				
				उत्तम लाभ	मध्यम लाभ	अल्प लाभ	शून्य लाभ	मध्यगत
1.	पंचामृत पर्पटी कल्प दूध के साथ	कें.अनु.सं.ग्वा.	14	5	3	1	-	5
2	बिल्वमज्जा चूर्ण तक्रारिष्ट	कें.अनु.सं.ग्वा.	19	5	5	2	1	6
		क्षे.अनु.सं.प.	21	8	6	5	2	-
		क्षे.अनु.सं.गं.	54	14	24	2	4	10
योग			108	32	38	10	7	21

(6) गृध्रसी

गृध्रसी पर निदानचिकित्सात्मक परीक्षण केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, चेरुतुरुति, दिल्ली केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, लखनऊ, क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, ईटानगर, पटना, और गंगटोक में किए गए । विभिन्न चिकित्सा विधियों का प्रयोग करते हुए कुल 148 रोगियों पर अध्ययन किया गया । इससे संबंधित सक्षिप्त विवरण तथा अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या और उनके परिणामों को निम्नलिखित तालिका द्वारा दर्शाया गया है:-

गृध्रसी पर आयुर्वेदिक योगों का निदानचिकित्सात्मक अध्ययन एवं परिणामः

क्र.सं.	परीक्षण औषधि	संस्थान/केंद्र एकक	कुल रोगी	परिणाम				
				उत्तम लाभ	मध्यम लाभ	अल्प लाभ	शून्य लाभ	मध्यगत
1.	हिंगु त्रिगुण तैल	कें.अनु.सं.चेरु.	20	5	7	5	3	-
		कें.अनु.सं.दि.	15	4	7	3	-	1
		कें.अनु.सं.ल.	4	2	1	-	-	1
		क्षे.अनु.सं.ई.	2	-	-	1	1	-
		क्षे.अनु.सं.प.	29	1	11	12	5	-
2	पंचकर्म चिकित्साः स्नेहपान (दशमूल बला तैल), स्वेद (वाष्प), विरेचन तैल)संसर्जन एवं वस्ति (वैथरण)	कें.अनु.सं.चेरु.	21	10	5	3	-	3
		कें.अनु.सं.ई.	4	-	-	2	-	2
3	हिंग त्रिगुण तैल एवं योगराज गुग्गुलु	क्षे.अनु.सं.गं.	53	5	18	8	3	19
योग			148	27	49	34	12	26

(7) किटिभ

किटिभ पर निदानचिकित्सात्मक परीक्षण केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, पटियाला, चेरुतुरिति, क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, त्रिवेन्द्रम, जम्मू तथा क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, केंद्र हस्तिनापुर में किए गए। विभिन्न चिकित्सा विधियों का प्रयोग करते हुए कुल 83 रोगियों पर अध्ययन किया गया । इससे संबंधित सक्षिप्त विवरण तथा अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या और उनके परिणामों को निम्नलिखित तालिका द्वारा दर्शाया गया हैः

किटिभ पर आयुर्वेदिक योगों का निदानचिकित्सात्मक अध्ययन एवं परिणामः

क्र.सं.	परीक्षण औषधि	संस्थान/केंद्र एकक	कुल रोगी	परिणाम				
				उत्तम लाभ	मध्यम लाभ	अल्प लाभ	शून्य लाभ	मध्यगत
1.	आरोग्यवर्धिनी, कैशोर गुग्गुलु एवं चक्रमर्द तैल का स्थानीय प्रयोग	कें.अनु.सं.प. क्षे.अनु.सं.ज. क्षे.अनु.सं.त्रि. क्षे.अनु.सं.ह.	7 7 10 5	- - - 4	3 2 4 -	1 2 2 -	- - - -	3 3 4 1
2	पंचनिम्ब लौह चूर्ण, कामदुधा रस हरिद्रा खंड	क्षे.अनु.सं.जं. क्षे.अनु.सं.ह.	3 8	- -	3 3	- 1	- -	- 4
3	स्नेहपान (महातिक्ति घृत), स्वेदन (मृदु), वमन (अल्प) संसर्जन, (भल्लातक) रसायन प्रयोग	कें.अनु.सं.चेरु. कें.अनु.सं.प.	5 10	- -	3 -	- 2	- -	2 8
4	पंचनिम्ब लौह चूर्ण, कामदुधा रस और हरिद्रा खंड	क्षे.अनु.सं.त्रि.	28	-	16	4	-	8
योग			83	4	34	12	-	33

(8) मधुमेह

